2/2015

**SA-II**

**विषय : हिन्दी**

**कक्षा : छठी**

**समयावधि : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**(खण्ड-क)**

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रकृति में सूर्य देवता आलस्य छोड़कर उठ जाने का संदेश देते हैं पर बहुत बार हम आलसी बने पड़े सोते रहते हैं। सूर्य की किरणें खिड़की और द्वार पर पड़ती हैं। कभी कोई शरारती किरण शीशे से या किसी नन्हे-से छेद से भीतर आ घुसती है तब भी हम आलस के कारण सोते रहते हैं। आलस्य हमें कुछ भी काम करने नहीं देता है। कभी-कभी बेकार की बातें करते हुए हम समय तो नष्ट करते ही हैं, दूसरों की शांति भंग करके उन्हें परेशान भी करते हैं तब सूर्य के उगने से पहले प्रकृति में फैला मौन या रात्रि की शांति हमें पुकार-पुकार कर मौन व शांत रहने को कहती है। सच्चा ज्ञानी मौन ही रहता है। नींद-आलस्य जीतने वाला तथा वाणी पर नियंत्रण रखने वाला ही सभ्य होता है। वाणी को नियंत्रण में रखना सबसे कठिन होता है पर व्यक्ति ऐसा कर ले तो उसकी आवाज़ दूर-दूर तक पहुँचती है। ज्ञान को ऐसे धन के समान बताया है जो बांटते रहने पर भी कम नहीं होता।

(क) सूर्य धरती पर क्या संदेश लाता है? (1)

(ख) सच्चे ज्ञानी में क्या गुण होते हैं? (1)

(ग) हमें शांत रहने को कौन कहता है और क्यों? (2)

(घ) ज्ञान को किसके समान बताया गया है? (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"करके ऐसा काम दिखा दो, जिस पर गर्व दिखाई दे।
इतनी खुशियाँ बाँटो सबको, हर दिन पर्व दिखाई दे।
हरे वृक्ष जो काट रहे हैं, उन्हें तुम रुकवाओ।
खुद भी पेड़ लगाओ, धरती को स्वर्ग बनाओ।

हरे वृक्ष से वायु प्रदूषण का, विनाश रुके।
हरियाली और प्राणवायु का, बस अंबार दिखाई दे।
जंगल के जीवों के रक्षक, बनकर तो दिखला दो।
जिससे सुखमय प्यारा-प्यारा, ये संसार दिखाई दे।

जागो बच्चो, जागो मानव, प्रयत्न करो कोई ऐसा,
कोई प्राणी इस धरती पर, न बीमार दिखाई दे।"

(क) हर दिन को कैसे पर्व बनाया जा सकता है? (1)

(ख) धरती को स्वर्ग बनाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? (1)

(ग) संसार सुखमय कब दिखाई देता है? (1)

(घ) कवि किससे और क्या प्रयत्न करने की बात कह रहे हैं? (1)

(ङ) वृक्ष लगाने के क्या लाभ हैं? (1)

## (खण्ड-ख)

प्र3. (क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए : (1)

(i) श्रीमती (ii) विद्वान

(ख) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए : (1)

सचिन ने <u>एक</u> मैच खेला।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण रेखांकित कर भेद बताइए : (2)

(i) चारों ओर मखमली घास फैली है।

(ii) गाड़ी में थोड़ा पेट्रोल है।

प्र4. (क) निम्नलिखित वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया रेखांकित कर भेद बताइए : (2)

(i) दिव्या तेज़ दौड़ती है।

(ii) रोहन ने खाना खा लिया।

(ख) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए : (1)

(i) सन्सकृति (ii) प्रार्थना

(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : (1)

(i) अपमान (ii) मानवता

प्र5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण रेखांकित कर भेद बताइए : (2)

(i) रवि दिनभर खेलता रहा।

(ii) विद्‌यार्थी ध्यानपूर्वक पढ़ते हैं।

(ख) निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए : (2)

(i) लक्ष्मी की कृपा दृष्टि होना

(ii) नींद हराम होना

(ग) निम्नलिखित शब्द-युग्म का दो वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ :- (2)

नीर - नीड़

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए : (1)

(i) जिसके आने की तिथि न हो

(ii) जो अपनी बात से न टले

**(खण्ड-ग)**

प्र6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'उदित हुआ सौभाग्य, मुदित महलों में उजयाली छाई,
किंतु कालगति चुपके-चुपके काली घटा घेर लाई,
तीर चलाने वाले कर में उसे चूड़ियाँ कब भाईं,
रानी विधवा हुई हाय! विधि को भी नहीं दया आई,
निःसंतान मरे राजा जी,
रानी शोक-समानी थी।'

(क) महलों में उजयाली क्यों छा गई? (2)

(ख) किंतु काल गति चुपके-चुपके काली घटा घेर लाई' पंक्ति का क्या अर्थ है? (2)

(ग) उपर्युक्त काव्यांश की कवयित्री का नाम लिखिए। (1)

प्र7. (क) 'वन के मार्ग में' कविता की भाषागत विशेषताएँ लिखिए। (2)

(ख) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अक्षरों की खोज के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई। आदमी अपने विचार और हिसाब-किताब को लिखकर रखने लगा। तब से मानव को 'सभ्य' कहा जाने लगा। आदमी ने जब से लिखना शुरू किया तब से 'इतिहास' आरंभ हुआ। किसी भी कौम और देश का इतिहास तब से शुरू होता है जब से आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं। इस प्रकार इतिहास को शुरू हुए मुश्किल से छह हज़ार साल हुए हैं। उसके पहले के काल को 'प्रागैतिहासिक काल' यानी इतिहास के पहले का काल कहते हैं।

(क) मानव 'सभ्य' कब कहलाया? (2)

(ख) इतिहास को शुरू हुए कितना समय हुआ है? (1)

प्र9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए : (3+3=6)

(क) 'ऐसे-ऐसे' पाठ के आधार पर बताइए कि डॉक्टर और वैद्य ने मोहन की बीमारी का क्या कारण बताया?

(ख) 'टिकट अलबम' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की?

प्र10. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताइए : (2)

सहसा, तादाद, मौन, संकेत

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : (2)

खोज, मशहूर

प्र11. पाठ 'ऐसे-ऐसे' में मोहन के पेट-दर्द का वास्तविक कारण स्कूल का काम न करने का डर था। आप अपने अनुभव के आधार पर बताइए जब आपने कोई कार्य समय पर पूरा नहीं किया तो उस स्थिति का सामना आपने कैसे किया?

अथवा

कविता 'साथी हाथ बढ़ाना' में परिश्रम और संगठन-शक्ति का महत्त्व बताया गया है। आप कवि की इस बात से कहाँ तक सहमत हैं कि मिलकर काम करने से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है? अपने उत्तर को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। (3)

प्र12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए : (2+2+2)

(क) 'उपहार' कहानी के आधार पर बताइए कि बूढ़े बाबा राजू के जन्मदिन पर क्यों नहीं आए?

(ख) 'वापसी' कहानी के आधार पर बताइए कि रचित ने कबूतरों से क्या वादा किया?

(ग) राजू दोस्ती की परीक्षा में किस प्रकार खरा उतरा? 'दोस्ती की परीक्षा' कहानी के आधार पर बताइए।

प्र13. 'उपहार' कहानी में आपने पढ़ा कि राजू ने अपनी पुरानी, ऊनी चादर देकर बूढ़े बाबा की सहायता की थी। आप किस तरह दीन-दुखियों की सहायता कर सकते हैं? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए।


अथवा

'दोस्ती की परीक्षा' कहानी में सच्ची मित्रता का महत्त्व बताया है। आपके अनुसार एक आदर्श मित्र में कौन-कौन से गुण होने चाहिए? क्या आप स्वयं को आदर्श मित्र की श्रेणी में रखते हैं? अपने उत्तर को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। (4)

**(खण्ड-घ)**

प्र14. पैट्रोल के घटते दामों को लेकर दो व्यक्तियों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (4)

प्र15. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और उस पर 20-30 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (3)



प्र16. दाँतों को मज़बूत व चमकदार बनाने वाले किसी टूथपेस्ट का विज्ञापन दीजिए। (3)

प्र17. आप विद्यालय में आयोजित 'नृत्य प्रतियोगिता' में भाग लेना चाहते हैं। इस विषय में अनुमति लेने के लिए पिताजी को पत्र लिखिए।

अथवा

अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए जिसमें आपके स्टॉप तक विद्यालय की बस-सेवा बढ़ाने की प्रार्थना की गई हो। (5)

प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए। (5)

(क) आओ, अपना देश सँवारें

(ख) मेरे विद्यालय का पुस्तकालय

(ग) जब मैं दौड़ - प्रतियोगिता में प्रथम आया/आई